# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2023

## इंटरमीडिएट परीक्षा - 2023

### (ANNUAL / वार्षिक)

# POLITICAL SCIENCE

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का अवश्य लिखें।

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है-खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'च'।

6. खण्ड 'अ' में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर- पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड-ब में 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य हैं। इनके अतिरिक्त इस खण्ड में 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## SECTION-A

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। आपको 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के ही उत्तर देते हैं।

1. निम्नलिखित में से कौन एक भारत की विदेश नीति का मुख्य आधार है ?

(a) गुटनिरपेक्षता

(b) अमेरिका से दोस्ती

(c) चीन से दोस्ती

(d) सोवियत संघ से दोस्ती

2. चीन ने भारत पर अचानक आक्रमण किया था

(a) 1948 में

(b) 1962 में

(c) 1965 में

(d) 1971 में

3. लोकसभा में अनुसूचित जनजाति के लिये कितनी सीटें आरक्षित हैं ?

(a) 17

(b) 29

(c) 41

(d) 47

4. किस अनुच्छेद के अन्तर्गत पंचायतों को संवैधानिक दर्जा दिया गया है ?

(a) अनुच्छेद 246

(b) अनुच्छेद 243

(c) अनुच्छेद 239

(d) अनुच्छेद 240

5. 'नाथूला दर्रा' भारत को उसके किस पड़ोसी देश से जोड़ता है ?

(a) पाकिस्तान

(b) नेपाल

(c) चीन

(d) श्रीलंका

6. बीस सूत्री कार्यक्रम का उद्देश्य क्या था ?

(a) शिक्षा में आत्मनिर्भरता

(b) सुरक्षा में आत्मनिर्भरता

(c) खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता

(d) इनमें से कोई नहीं

7. भारत में वास्तविक कार्यपालिका शक्ति का प्रयोग कौन करता है ?

(a) राष्ट्रपति

(b) प्रधानमंत्री

(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(d) लोकसभा अध्यक्ष

8. पंचायत समिति का प्रमुख कौन होता है ?

(a) मुखिया

(b) सरपंच

(c) प्रमुख

(d) पंचायत सेवक

9. मैकमोहन रेखा कहाँ है ?

(a) अरूणाचल प्रदेश

(b) जम्मू और कश्मीर

(c) असम

(d) सिक्किम

10. भारत के संविधान के किस भाग को संविधान की 'आत्मा' कहाँ जाता है ?

(a) मूल अधिकार

(b) राज्य के नीति निदेशक तत्व

(c) प्रस्तावना

(d) मूल कर्त्तव्य

11. वैश्वीकरण है

(a) एकल आयामी परिघटना

(b) बहुआयामी परिघटना

(c) राजनीतिक परिघटना

(d) सांस्कृतिक परिघटना

12. निम्न में से कौन संयुक्त राष्ट्र संघ की एक आधिकारिक भाषा नहीं है ?

(a) अरबी

(b) जापानी

(c) स्पेनिश

(d) चीनी

13. 1956 में भारतीय राज्यों के पुनर्गठन का आधार क्या था ?

(a) भाषा

(b) सांस्कृतिक पहचान

(c) भौगोलिक विशेषता

(d) धर्म

14. भारत में 1946 की अंतरिम सरकार किस योजना के तहत बनी थी ?

(a) कैबिनेट मिशन

(b) माउंटबेटन योजना

(c) क्रिप्स मिशन

(d) इनमें से कोई नहीं

15. भारत में पहला आम चुनाव कब हुआ था ?

(a) 1946

(b) 1947

(c) 1952

(d) 1951

16. 'भारतीय जनसंघ के संस्थापक कौन थे ?

(a) वीर सावरकर

(b) महात्मा गांधी

(c) श्यामा प्रसाद मुखर्जी

(d) जिन्ना

17. भारत का संविधान लागू हुआ था

(a) 26 जनवरी, 1930 को

(b) 15 अगस्त, 1947 को

(c) 26 नवंबर, 1949 को

(d) 2 सितंबर, 1946 को

18. मंडल आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?

(a) रासबिहारी मंडल

(b) भुवनेश्वरी मंडल

(c) बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल

(d) कमलेश्वरी प्रसाद मंडल

19. भारत के किस राज्य में पहली गैर-कांग्रेसी सरकार बनी थी ?

(a) पश्चिम बंगाल

(b) तमिलनाडु

(c) केरल

(d) उत्तर प्रदेश

20. भारतीय संविधान के अनुसार संप्रभुता निहित है।

(a) राष्ट्रपति से

(b) प्रधानमंत्री से

(c) न्यायपालिका से

(d) जनता से

21. द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद विश्व राजनीति के दो ध्रुव कौन-कौन थे ?

(a) सोवियत संघ और यूरोप

(b) अमेरिका और सोवियत संघ

(c) जर्मनी और जापान

(d) अमेरिका और यूरोप

22. नाटो की स्थापना कब हुई थी ?

(a) 1942

(b) 1945

(c) 1949

(d) 1950

23. 'सीटो' और 'सेंटो' किस प्रकार के संगठन थे ?

(a) सैनिक गठबंधन

(b) आर्थिक गठबंधन

(c) सांस्कृतिक गठबंधन

(d) गैर-सरकारी गठ

24. गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के प्रथम सम्मेलन में कितने देशों ने भाग लिया था ?

(a) 7

(b) 10

(c) 15

(d) 25

25. सोवियत संघ ने कौन-सा सैनिक गुट बनाया था ?

(a) नाटो

(b) सीटो

(c) सेंटो

(d) वारसा संधि

26. क्यूबा का मिसाइल संकट निम्न में से किससे सम्बन्धित था ?

(a) ब्रिटेन

(b) सोवियत संघ

(c) जर्मनी

(d) फ्रांस

27. सोवियत संघ का विघटन कब हुआ ?

(a) 1919 में

(b) 1991 में

(c) 1945 में

(d) 1992 में

28. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी ?

(a) 1945

(b) 1950

(c) 1955

(d) 1962

29. शीत युद्ध के संदर्भ में एल०डी०सी० से क्या अभिप्राय है ?

(a) अल्प विकसित देश

(b) नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम

(c) साक्षरता डिजाइन सहयोग

(d) इनमें से कोई नहीं

30. द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद के काल में अमेरिका और सोवियत संघ के बीच की दुश्मनी जानी जाती है

(a) रंगभेद की नीति के रूप में

(b) शीत युद्ध के रूप में

(c) गुट निरपेक्षता की नीति के रूप में

(d) गर्म युद्ध के रूप में

31. निम्न में से कौन भूमिबद्ध देश है ?

(a) मालदीव

(b) नेपाल

(c) पाकिस्तान

(d) बांग्लादेश

32. नेपाल संवैधानिक राजतंत्र था

(a) 2003 तक

(b) 2004 तक

(c) 2005 तक

(d) 2006 तक

33. आण्विक अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर कम हुआ था ?

(a) 1966

(b) 1967

(c) 1968

(d) 1969

34. सुरक्षा परिषद् के अस्थायी सदस्यों की संख्या है।

(a) 5

(b) 10

(c) 15

(d) 12

35. संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है।

(a) 24 सितम्बर को

(b) 28 सितम्बर को

(c) 24 अक्टूबर को

(d) 28 अक्टूबर को

36. निम्न में से कौन G-8 का सदस्य नहीं है ?

(a) जापान

(b) कनाडा

(c) इटली

(d) चीन

37. महासभा के कुल सदस्यों की संख्या है।

(a) 191

(b) 192

(c) 196

(d) 197

38. गुटनिरपेक्ष आंदोलन का पहला शिखर सम्मेलन कहाँ हुआ था ?

(a) भारत

(b) युगोस्लाविया

(c) इंडोनेशिया

(d) मिस्त्र

39. गुटनिरपेक्ष आंदोलन का अठारहवां शिखर सम्मेलन हुआ था

(a) तुर्की में

(b) अजरबैजान में

(c) युगांडा में

(d) तेहरान में

40. सिंधु नदी भारत के किस राज्य से गुजरती है ?

(a) पश्चिम बंगाल

(b) कश्मीर

(c) पंजाब

(d) असम

41. 'पेरेस्ट्रोइका' और 'ग्लासनोस्ट' शब्द सम्बन्धित है।

(a) खुश्चेव से

(b) गोर्बाचेव से

(c) ब्रेझनेव से

(d) येल्तसिन से

42. संयुक्त राष्ट्र संघ के कितने अंग हैं ?

(a) 2

(b) 4

(c) 6

(d) 8

43. यूक्रेन अवस्थित है

(a) एशिया में

(b) यूरोप में

(c) अफ्रीका में

(d) उत्तर अमेरिका में

44. 'ऑपरेशन डेजर्ट थंडर' सम्बन्धित है।

(a) अरब-इजरायल युद्ध से

(b) ईरान-इराक युद्ध से

(c) खाड़ी युद्ध से

(d) अफगानिस्तान में अमरीकी हस्तक्षेप से

45. निम्न में से किसने खुले द्वार की नीति अपनाई ?

(a) चीन

(b) यूरोपीय यूनियन

(c) श्रीलंका

(d) बांग्लादेश

46. निम्न में से कौन आसियान का संस्थापक सदस्य नहीं है ?

(a) इंडोनेशिया

(b) मलेशिया

(c) भारत

(d) थाइलैंड

47. 1992 में किस शहर में पृथ्वी सम्मेलन हुआ था ?

(a) क्योटो

(b) रियो डि जेनेरियो

(c) लन्दन

(d) न्यूयॉर्क

48. भूमंडलीकरण का अर्थ होता है।

(a) मुक्त आर्थिक आदान-प्रदान

(b) राजनीतिक आदान-प्रदान

(c) सामाजिक आदान-प्रदान

(d) इनमें से सभी

49. 'यू. एन. वीमेन' की स्थापना हुई है।

(a) 2009 में

(b) 2010 में

(c) 2011 में

(d) 2012 में

50. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?

(a) 1965 में

(b) 1995 में

(c) 2009 में

(d) 2011 में

51. स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल कौन थे ?

(a) सी० राजगोपालाचारी

(b) लॉर्ड माउंटबेटन

(c) वेवेल

(d) के. एम. मुंशी

52. 'माउंटेन मैन' की उपाधि किसे दी गई है ?

(a) मेधा पाटकर

(b) सुंदरलाल बहुगुणा

(c) दशरथ मांझी

(d) अन्ना हजारे

53. बोडोलैण्ड प्रादेशिक क्षेत्र कहाँ स्थित है ?

(a) अरूणाचल प्रदेश

(b) असम

(c) नागालैण्ड

(d) मिजोरम

54. पंचवर्षीय योजना की अवधारणा कहाँ से ली गई थी ?

(a) अमेरिका

(b) सोवियत संघ

(c) चीन

(d) ब्रिटेन

55. वर्तमान में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कौन है ?

(a) ऋषि सुनक

(b) बोरिस जॉनसन

(c) लिज ट्रूज

(d) इनमें से कोई नहीं

56. आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव पास किया गया था

(a) 1971 में

(b) 1972 में

(c) 1973 में

(d) 1974 में

57. निम्न में से कौन-सा राज्य 1966 में बना था ?

(a) पंजाब

(b) हरियाणा

(c) राजस्थान

(d) गुजरात

58. मार्च, 2022 में किन दो राज्यों ने सीमा विवाद पर समझौता किया है ?

(a) मेघालय एवं असम

(b) मिजोरम एवं नागालैण्ड

(c) असम एवं मिजोरम

(d) इनमें से कोई नहीं

59. निम्न में से किस राज्य में चिपको आन्दोलन की शुरूआत हुई ?

(a) उत्तर प्रदेश

(b) हिमाचल प्रदेश

(c) उत्तराखण्ड

(d) मध्य प्रदेश

60. निम्न में से कौन सरकारी नीतियों को प्रभावित करने की कोशिश करता है ?

(a) गैर-सरकारी संगठन

(b) सरकारी संगठन

(c) दबाव समूह

(d) इनमें से कोई नहीं

61. सरदार सरोवर बांध किस नदी पर अवस्थित है ?

(a) गंगा

(b) नर्मदा

(c) यमुना

(d) सतलज

62. राष्ट्रीय विकास परिषद् के अध्यक्ष होते हैं।

(a) प्रधानमंत्री

(b) राष्ट्रपति

(c) वित्तमंत्री

(d) योजना आयोग के अध्यक्ष

63. योजना आयोग को भंग कर दिया गया था

(a) 2014 में

(b) 2015 में

(c) 2017 में

(d) 2019 में

64. प्रथम पंचवर्षीय योजना शुरू हुई थी

(a) 1950 में

(b) 1951 में

(c) 1971 में

(d) 1991 में

65. पंचायती राज है

(a) द्विस्तरीय व्यवस्था

(b) त्रिस्तरीय व्यवस्था

(c) चतुःस्तरीय व्यवस्था

(d) इनमें से कोई नहीं

66. राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना हुई थी

(a) 1953 में

(b) 1954 में

(c) 1955 में

(d) 1956 में

67. संविधान में "धर्मनिरपेक्ष" शब्द कब जोड़ा गया ?

(a) 1975

(b) 1976

(c) 1977

(d) 1971

68. सम्पत्ति का अधिकार है।

(a) कानूनी अधिकार

(b) मौलिक अधिकार

(c) मानवाधिकार

(d) इनमें से कोई नहीं

69. 44वाँ संविधान संशोधन कब पारित हुआ ?

(a) 1975

(b) 1976

(c) 1977

(d) 1978

70. पंचशील समझौता पर हस्ताक्षर करनेवाले देश थे भारत और

(a) पाकिस्तान

(b) चीन

(c) नेपाल

(d) बांग्लादेश

71. राज्य विधान परिषद् के सदस्यों का कार्यकाल होता है

(a) 2 वर्ष

(b) 4 वर्ष

(c) 6 वर्ष

(d) 5 वर्ष

72. भारत के संविधान में कुल कितने अध्याय हैं ?

(a) 16

(b) 22

(c) 24

(d) 25

73. अनुच्छेद 18 सम्बन्धित है

(a) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से

(b) शिक्षा का अधिकार से.

(c) सूचना का अधिकार से

(d) इनमें से कोई नहीं

74. भारत में राष्ट्रीय आपात की घोषणा कौन करता है ?

(a) राष्ट्रपति

(b) प्रधानमंत्री

(c) मुख्य न्यायाधीश

(d) गृहमंत्री

75. शिमला समझौता किन दो देशों के बीच हुआ था ?

(a) भारत और अफगानिस्तान

(b) भारत और पाकिस्तान

(c) भारत और अमेरिका

(d) भारत और चीन

76. पाकिस्तान से पूर्वी पाकिस्तान किस वर्ष अलग हुआ ?

(a) 1947

(b) 1948

(c) 1965

(d) 1971

77. संसद के संयुक्त अधिवेशन को कौन संबोधित करता है ?

(a) लोकसभा अध्यक्ष

(b) प्रधानमंत्री

(c) राष्ट्रपति

(d) इनमें से कोई नहीं

78. राज्य के राज्यपाल को कौन नियुक्त करता है ?

(a) मुख्यमंत्री

(b) प्रधानमंत्री

(c) राष्ट्रपति

(d) प्रतिपक्ष का नेता

79. निम्न में से कौन-सी नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा नहीं की जाती है ?

(a) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(b) लोकसभा अध्यक्ष

(c) राज्यों के राज्यपाल

(d) भारत के प्रधानमंत्री

80. निम्न में से किसके विरुद्ध अविश्वास लाया जा सकता है ?

(a) संसद के विरुद्ध

(b) सरकार के विरुद्ध

(c) न्यायाधीशों के विरुद्ध

(d) राज्यपाल के विरुद्ध

81. रूस संयुक्त राष्ट्र संघ में सोवियत संघ की जगह कब लिया ?

(a) दिसम्बर, 1990

(b) दिसम्बर, 1991

(c) दिसम्बर, 1992

(d) दिसम्बर, 1993

82. बर्लिन की दीवार गिरी थी

(a) 1989 में

(b) 1990 में

(c) 1991 में

(d) 1992 में

83. बोल्शोविक कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना की गई थी

(a) लेनिन के द्वारा

(b) स्टालिन के द्वारा

(c) ख्रुश्चेव के द्वारा

(d) ब्रेझनेव के द्वारा

84. शीत युद्ध का कालखंड था

(a) 1914 से 1919

(b) 1939 से 1945

(c) 1945 से 1991

(d) 1965 से 1991

85. अमरीकी प्रभुत्व की शुरूआत कब हुई थी ?

(a) 1990 से

(b) 1991 से

(c) 1992 से

(d) 1993 से

86. पेंटागन नामक इमारत अवस्थित है

(a) अमेरिका में

(b) सोवियत संघ में

(c) फ्रांस में

(d) ब्रिटेन में

87 परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर कब हुए थे ?.

(a) 1966 में

(b) 1967 में

(c) 1968 में

(d) 1969 में

88. निम्न में से कौन मानवाधिकार का एक प्रकार है ?

(a) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

(b) सामाजिक समानता

(c) आर्थिक अधिकार

(d) इनमें से सभी

89. संयुक्त राष्ट्र संघ के कुल सदस्यों की संख्या है।

(a) 192

(b) 193

(c) 194

(d) 195

90. निम्न में से कौन-सा क्षेत्रीय संगठन 1992 में गठित किया गया था ?

(a) ब्रिक्स

(b) आसियान

(c) सार्क

(d) यूरोपीय यूनियन

91. सर्वप्रथम किसने 'तृतीय विश्व' शब्दावली का प्रयोग किया था ?

(a) मार्गेन्थाऊ

(b) कप्लान

(c) क्विसी राइट

(d) एल्फ्रेड सोवे

92. यूरोपीय यूनियन का मुख्यालय कहाँ अवस्थित है ?

(a) फ्रैंकफर्ट

(b) बर्लिन

(c) ब्रसेल्स

(d) पेरिस

93. सक्षेस का सम्बन्ध है

(a) दक्षिण एशिया से

(b) पश्चिम एशिया से

(c) पूर्वी एशिया से

(d) इनमें से सभी

94. वर्तमान में आसियान के कितने सदस्य देश हैं ?

(a) 10

(b) 12

(c) 13

(d) 15

95. निम्न में से कौन भारत का पड़ोसी देश नहीं है ?

(a) नेपाल

(b) पाकिस्तान

(c) सिक्किम

(d) भूटान

96. 10 दिसम्बर मनाया जाता है।

(a) पर्यावरण दिवस के रूप में

(b) महिला दिवस के रूप में

(c) मानवाधिकार दिवस के रूप में

(d) योग दिवस के रूप में

97. बांग्लादेश अस्तित्व में कब आया ?

(a) 1947

(b) 1948

(c) 1965

(d) 1971

98. पश्चिमी पाकिस्तान के विरुद्ध सफल संघर्ष का नेतृत्व किसने किया था ?

(a) जनरल याह्या खान

(b) जनरल जिया-उल-हक

(c) शेख मुजीबुर रहमान

(d) जनरल बाजवा

99. भारत में किस पड़ोसी देश में भारतीय शांति सेना भेजा था ?

(a) पाकिस्तान

(b) नेपाल

(c) बांग्लादेश

(d) श्रीलंका

100. फरक्का नदी जल समझौता किन देशों के बीच हुआ है ?

(a) नेपाल और भूटान

(b) भारत और नेपाल

(c) भारत और पाकिस्तान

(d) भारत और बांग्लादेश

## SECTION-B

प्रश्न संख्या से 30 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। अधिकतम 40-60 शब्दों में उत्तर दें।

1. नक्सलवाद क्या है ?
2. शून्य काल से आप क्या समझते हैं ?
3. आसियान की दो उपलब्धियाँ बताएँ।
4. संयुक्त राष्ट्र संघ के अंगों के नाम बताएँ ।
5. सार्क के पक्ष में दो तर्क दें।
6. मानवधिकार से आप क्या समझते हैं ?
7. एन. पी. टी. क्या है ?
8. लोकसभा अध्यक्ष की किन्हीं दो शक्तियों का वर्णन करें।
9. गुट निरपेक्ष आंदोलन की कोई दो विशेषताएँ बताएँ।
10. 'चिपको आंदोलन' के उद्देश्य का वर्णन करें।
11. 'शिमला समझौते' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।
12. क्षेत्रीय दल से आप क्या समझते हैं ?
13. क्योटो प्रोटोकोल क्या है ?
14. क्षेत्रीय संगठन किसे कहते हैं ?

15. संघात्मक व्यवस्था की दो विशेषताओं को लिखें।

16. समानता का अधिकार क्या है ?

17. मध्यावधि चुनाव से आप क्या समझते हैं ?

18. संयुक्त राष्ट्र संघ की दो असफलताएँ बताएँ।

19. संक्षेप में प्रदूषण के प्रकारों का वर्णन करें।

20. अधिकार किसे कहते हैं ?

21. वैश्विक ऊष्मायन से आप क्या समझते हैं ?

22. प्रश्न काल क्या है ?

23. अध्यादेश का क्या अर्थ है ?

24. शंघाई सहयोग संगठन के दो उद्‌देश्य बताएँ।

25. नगर निगम के किन्हीं दो कार्यों को लिखें।

26. शीत युद्‌ध क्या है ?

27. 'मार्शल योजना' का उद्‌देश्य क्या था ?

28. दलीय प्रणाली के विभिन्न प्रकारों को लिखें।

29. निर्वाचन आयोग के दो कार्य लिखें।

30. मौलिक कर्त्तव्य से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न संख्या 31 से 38 दीर्घ उत्तरीय प्रकार हैं। किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है। 120-140 शब्दों में उत्तर दें।

31. महासभा की भूमिका पर निबंध लिखें।

32. राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियों का वर्णन करें।

33. सार्क की असफलता के कारण बतायें।

34. 1992 के पृथ्वी सम्मेलन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालें।

35. पर्यावरण संरक्षण में भारत की भूमिका का वर्णन करें।

36. संयुक्त राष्ट्रसंघ में भारत की भूमिका पर संक्षिप्त निबन्ध लिखें।

37. समकालीन विश्व में भारत की विदेश नीति के निर्धारक तत्व बतायें।

38. मौलिक अधिकार व राज्य के नीति निदेशक तत्वों के बीच सम्बन्ध बतायें।